मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–11, जनवरी, 2009

## कामधेनु–मज़बूत इरादों के साथ नई मंज़िलों की ओर



आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! नया साल 2009 आप सभी के लिए कामयाबी का नया सबेरा लेकर आए। आप सभी की जिंदगी खुशियों से रोशन हो। आइए, इस नए साल में हम सभी मिलकर कामधेनु इस्पात लिमिटेड को बुनियादी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी बनाने का संकल्प एक बार फिर से दोहराएं।

कामधेनु के सुदृढ़ नेटवर्क से जुड़े हमारे 3500 डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर बंधु कंपनी के देशभर में फैले कारोबार को संचालित करने में मेरुदंड की भूमिका निभाते हैं। आप सबका विश्वास एवं आपकी प्रतिबद्धता हमारे लिए संजीवनी का काम करती है। कामधेनु ब्रांड को घर–घर में पहुँचाने में आप सभी ने जो प्रयास किया है, वह सराहनीय है। आप सभी कंपनी की सप्लाई चेन का वो अहम हिस्सा हैं, जिसके बगैर हम सफलता के इतने करीब नहीं पहुँच सकते थे। कंपनी के उत्पादों को उपभोक्ताओं तक सहज एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराने एवं हमारे कारोबार को एक नई ऊँचाई दिलाने में आप सभी ने एक–दूसरे से आगे बढ़कर सहयोग किया है। हम आशा करते हैं कि यह नया साल हमारे रिश्ते को और मजबूत करेगा, जिसके दम पर हम गुजरते वक्त के साथ कामयाबी की नई इबारत लिखते चलेंगे।

कामधेनु के सभी उत्पाद सर्वोत्तम गुणवत्ता के मानदंडों पर हमेशा खरे उतरे हैं। यही वजह है कि उपभोक्ता कामधेनु ब्रांड के उत्पादों पर पूरा भरोसा करते हैं। कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की इसी खासियत ने आप सभी के उत्साह को बढ़ाया है, जिससे न केवल इन उत्पादों को देश के कोने–कोने तक पहुँचाने में कामयाबी मिली है। हमारे उत्पादों के प्रति आपका भरोसा आपके साथ हमारे रिश्ते को मज़बूत करता है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अब तक के सफर में हमारे डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर बंधु हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे हैं। यही वजह है कि आज से 14 साल पहले राजस्थान में एक छोटे से इस्पात उत्पादन संयंत्र से शुरु हुआ यह सफर हमारे नए उत्पाद "कलर ड्रीम्ज़" के साथ कंपनी को बहुआयामी स्वरूप दे चुका है। कलर ड्रीम्ज़ ने थोड़े ही समय में बाजार में जो अपनी पकड़ बनायी है, और जिस तरह की प्रतिक्रिया हमें अपने उपभोक्ताओं से मिल रही है, उससे हमारा उत्साह निरंतर बढ़ा है। आज कामधेनु ब्रांड के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी, स्ट्रक्चरल स्टील, वायरबांड, प्लाइवुड, सीमेंट, पीवीसी पाइप्स, यूपीवीसी विंडोज एवं कामधेनु पेंट (कलर ड्रीम्ज) जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंख्ला मौजूद है।

> "आपका भरोसा आपके साथ हमारे रिश्ते को मज़बूत करता है"

यह हमारे प्रति आपके विश्वास का ही प्रतिफल है कि कंपनी की इस सर्वांगीन प्रगति में न तो कभी कोई विशेष मुश्किल पेश आई है और न ही इसपर मंदी का कोई असर पड़ा है। हम अपने साथियों, सहयोगियों एवं डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर बंधुओं को यह आगाह करना चाहते हैं कि हमारे कुछ प्रतिद्वंद्वी बाजार में झूठी अफवाह फैलाकर हमारी साख को कमजोर करने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि आप इन बेवजह की अफवाहों पर ध्यान ना दें। कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने हमेशा अपनी विश्वसनीयता को सर्वोपरि रखा है, और आप सभी के हितों की सुरक्षा की है। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हमारे पास सभी जरुरी संसाधन मौजूद हैं । हम केवल कामधेनु ब्रांड के उत्पादों का उत्पादन एवं वितरण करते हैं। हमने अपने पेंट उत्पादों को कलर ड्रीम्ज़ के नाम से बाजार में उतारा है। इसके अलावा कामधेनु ट्रेडमार्क से जुड़े किसी भी अन्य उत्पाद को नकली समझा जाए।

इसलिए आइए, हम सभी कामधेनु के भरोसे की मज़बूत डोर को थामकर आगे बढ़े और अपने प्रतिद्वंद्वियों की हर कोशिश को नाकाम कर दें। इसी विश्वास और भरोसे के साथ हम सभी मिलकर उन्नति और प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

शुभकामनाओं सहित
सुनील अग्रवाल

# महेशखूँट में हुई सब–डीलर मीट

**कामधेनु** इस्पात लिमिटेड की ओर से बिहार के महेशखूँट में 5 दिसंबर को एक भव्य सब–डीलर सम्मेलन का आयोजन किया गया, यहाँ मौजूद डीलरों को कामधेनु ब्रांड के उत्पादों और इनके फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी श्री अखिलेश सिंह ने दी। सम्मेलन का आयोजन महेशखूँट के डीलर मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स के परिसर में किया गया। इस अवसर पर गुप्ता ट्रेडर्स के श्री अजय गुप्ता ने कंपनी के प्रति अपना पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश की एक प्रतिष्ठित कंपनी है, जो अपने उपभोक्ताओं के हितों का पूरा ध्यान रखती है। श्री मुकुंद सहाय ने कामधेनु सरिया की विशिष्ट गुणवत्ता के बारे में समझाते हुए कहा कि इन उत्पादों की गुण्वत्ता के सभी पहलुओं से पूरी तरह संतुष्ट हो जाने के बाद ही इन्हें उपभोक्ताओं के बीच लाया जाता है। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार कामधेनु ब्रांड के उत्पाद पूरी तरह भरोसेमंद हैं। इन्हें अपनाकर आप अपने मकान की लंबी उम्र के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। डीलरों एवं कई स्थानीय गणमान्य अतिथियों सहित लगभग 70–80 लोगों ने समारोह में शिरकत कर कंपनी के प्रति अपना भरोसा जताया।

इस





डीलर मीट के दौरान डीलरों को जानकारी देते हुए श्री अजय गुप्ता, श्री अखिलेश सिंह एवं अन्य

# अब दूर नहीं ऑस्कर

**अंतर्राष्ट्रीय** फिल्म जगत के सबसे बड़े पुरस्कार "ऑस्कर" को हासिल करने की होड़ में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री अभी तक पिछड़ती रही है। मगर "स्लमडॉग मिलियनेयर" को मिले 10 ऑस्कर नामांकन के साथ ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब हमारे लिए दूर नहीं है ऑस्कर। इस फिल्म के लिए मशहूर संगीतकार ए. आ. रहमान को "गोल्डन ग्लोब" का सम्मान मिलने से यह आस और मजबूत हुई है। "स्लमडॉग मिलियनेयर" को कुल चार "गोल्डन ग्लोब" मिल चुका है, और आस्कर की दौड़ में अब यह चोटी के काफी करीब है। हालांकि "द क्यूरियस केस ऑफ बेंजामिन बटन" 13 ऑस्कर नामांकन के साथ इस दौर में सबसे आगे चल रही है। जबकि ए. आर. रहमान का जबरदस्त संगीत और फिल्म की पृष्ठभूमि "स्लमडॉग मिलियनेयर" को लोकप्रियता के पायदानों पर काफी आगे ले आयी है।



यह फिल्म मुंबई की झुग्गी–झोपड़ियों से निकले एक युवा के करोड़पति बनने की दिलचस्प कहानी पर आधरित है, जिसे विकास स्वरूप की चर्चित पुस्तक "क्यू एंड ए" से लिया गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट सीमॉन बूफॉय ने लिखी है जिन्हें बेस्ट अपडेटेट स्क्रिप्ट की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया है जबकि सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए डैनी बॉयल भी ऑस्कर के दावेदार हैं। एक ब्रिटिश निर्देशक द्वारा भारत की गरीबी का का कुरूप चेहरा फिल्म के जरिए दुनिया के सामने प्रस्तुत करने पर पहले तो काफी आलोचना हुई थी, मगर जिस तरह इसे फिल्माया गया है, इससे आलोचनाओं के साथ–साथ विवाद भी खत्म हो रहे हैं। आज हर कोई फिल्म के ऑस्कर जीतने की दुआ कर रहा है। खास तौर पर संगीतकार ए. आर. रहमान के लिए तो यह एक अविस्मरणीय अवसर है। उन्हें न केवल अपने बेहतरीन संगीत के लिए बेस्ट ओरिजिनल स्कोर की श्रेणी में नामांकित किया गया है बल्कि उनके दो गीतों "जय हो" और "ओ साया" को भी ऑस्कर पुरस्कारों के लिए चुना गया है। "स्लमडॉग मिलियनेयर" को बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट साउंड एटिटिंग, बेस्ट साउंड मिक्सिंग, बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के साथ–साथ बेस्ट मोशन पिक्चर के लिए भी नामांकित किया गया है। इस फिल्म ने टोरंटो फिल्म फेस्टीवल में "पीपुल्स चॉयस अवार्ड" तथा क्रिटिक्स चॉयस अवार्ड भी जीता है। इसके अलावा इसे 11 बाफ्टा नामांकन भी हासिल है।





इस

# पंजाब में कामधेनु पीवीसी पाइप्स के डिस्ट्रीब्यूटरों का सम्मेलन

पंजाब की धरती खेती के साथ–साथ उद्योगों के लिए भी काफी उर्वर और अनुकूल है। इसके लिए यहाँ हर तरह की आधुनिकतम सुविधाएं मौजूद हैं। मगर जहाँ तक सवाल है पानी की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल होनेवाले साधनों का, तो आज भी लोग इसके लिए जंग लगने और रिसनेवाले पाइपों का इस्तेमाल करते हैं। आपकी इन सभी समस्याओं का समाधान लेकर आयी है कामधेनु पीवीसी पाइप्स, जिसका इस्तेमाल कर आप पानी की आपूर्ति के प्रति पूरी तरह निश्चिंत हो सकते हैं।

चंड़ीगढ़ के होटल स्वागत में 25 दिसंबर को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पीवीसी पाइप्स डिस्ट्रीब्यूटरों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के साथ–साथ श्री पंकज अग्रवाल (प्रेसिडेंट), श्री मोहन अग्रवाल (कामधेनु होम्ज़), श्री प्रदीप गर्ग (डिस्ट्रीब्यूटर, स्टील), श्री नरेश गुप्ता (सीएंडएफ, पाइप्स) एवं श्री अरविंद ने भी समारोह में हिस्सा लिया। कामधेनु पीवीसी पाइप्स के पंजाब के डिस्ट्रीब्यूटर बंधु मेसर्स एस.सी. ट्रेडिंग कंपनी लुधियाना के श्री मानू अग्रवाल, गुप्ता मिल्स स्टोर, पटियाला के श्री बॉबी गुप्ता, बंसल स्टील ट्यूब, भटिंडा के श्री सुरेश बंसल, एवं मेसर्स एसजीआर (इंडिया) लिमिटेड, जालंधर के श्री एस. कुमार ने अपनी सक्रिय भागेदारी से समारोह में नयी जान फूँक दी।



कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल पटियाला के डिस्ट्रीब्यूटर श्री अश्विनी कुमार सिंघला को स्मृतिचिह्न देकर सम्मनित करते हुए

श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि कामधेनु पीवीसी पाइप्स आम आदमी की पानी से जुड़ी हर परेशानी का एक बेहतरीन समाधान है। आज भी लोग यहाँ पुराने एवं पारंपरिक ढ़लवाँ लोहे, एस्बेस्टर और सीमेंट से बने पाइपों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन पाइपों से लंबे समय तक काम लेने के लिए इनपर अक्सर कोटिंग, पेंटिंग और मरम्मत की जरूरत पड़ती है। ऐसा ना किया जाए तो ये पाइप जल्दी ही खराब हो जाते हैं। जबकि कामधेनु पीवीसी पाइप्स के साथ ऐसी कोई परेशानी नहीं है। कामधेनु पीवीसी पाइप के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि कामधेनु ब्रांड के अन्य उत्पादों की तरह इन्हें भी अत्याधुनिक मशीनरी का इस्तेमाल कर तैयार किया जाता है, और साथ ही इसकी गुणवत्ता के प्रति पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही उपभोक्ताओं के बीच लाया जाता है। इसलिए इसमें ना ही कोई हानिकारक रसायन का खतरा है और ना ही किसी तरह के रिसाव का। वजन में काफी हल्का होने की वजह से कामधेनु पीवीसी पाइपों को आसानी से कहीं भी, लाया, ले जाया या फिट किया जा सकता है। इन सभी सुविधाओं की वजह से कामधेनु पीवीसी पाइप्स जहाँ ग्रामीण इलाकों के लिए सिंचाई का एक बेहतरीन माध्यम साबित हो सकता है, वहीं औद्योगिक संयंत्रों के लिए बोरवेल तैयार करने में इसे काफी पसंद किया जाता है। पंजाब में कामधेनु पीपीसी पाइप्स के लिए कंपनी ने पहले वर्ष के अंतर्गत 6000 मैट्रिक टन का विक्रय लक्ष्य निर्धारित किया है। आनेवाले वर्षों में इस लक्ष्य को और भी आगे ले जाया जाएगा। अलग–अलग तरह की उपयोगिताओं के अनुसार कामधेनु पीवीसी पाइप्स के अन्तर्गत उत्पादों की एक बड़ी रेंज है जिसमें रिजिड पाइप्स एंड फिटिंग्स, एग्रीकल्चर पाइप्स, कास्टिंग पाइप्स, एसडब्ल्यूआर पाइप्स, एएसटीएम पाइप्स एंड फिटिंग्स, तथा एचडीपीई पाइप्स का नाम शामिल है।

इस

# कामधेनु टीएमटी से अवगत हुए मानसा के उपभोक्ता

पंजाब के मानसा जिले के उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों के प्रति जागरूक करने के मकसद से यहाँ 20 दिसंबर को एक उपभोक्ता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक श्री विनोद कुमार गहलोत ने वास्तुकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने कामधेनु ब्रांड के उत्पादों को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर उपभोक्ताओ के बीच हमारी बेहतर पहुँच बनायी है। हम आगे भी आपसे इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। श्री गहलोत ने कंपनी के उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं के सवालों का जवाब




उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रदीप गर्ग, श्री विनोद कुमार गहलोत एवं अन्य

दिया। कंपनी के वरिष्ट प्रबंधक (तकनीकी) श्री दीपक सिंह ने कामधेनु टीएमटी की तकनीकी विशिष्टताओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के बीच यह प्रोडक्ट कामधेनु ब्रांड की विश्वसनीयता का प्रतीक है। कामधेनु टीएमटी को अत्याधुनिक मशीनरी द्वारा पूरी जाँच–परख के बाद तैयार किया जाता है। डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रदीप गर्ग ने कामधेनु टीएमटी के इस्तेमाल के व्यावहारिक पहलुओं को समझाया। स्थानीय डीलरों के प्रमुख श्री अशोक कुमार के अलावा सहयोगी श्री सुबोध कुमार ने भी समारोह में हिस्सा लिया। स्थानीय डीलर मेसर्स नोहरचंद अशोक कुमार ने समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया जबकि श्री राजीव माथुर ने समारोह के संचालन की जिम्मेदारी निभायी।

इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु पेंट को मिली जबरदस्त कामयाबी

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट को उपभोक्ताओं के साथ–साथ डीलरों का जबरदस्त समर्थन मिला है। "कलर ड्रीम्ज़" के नाम से इस नए उत्पाद को जब बाजार में उतारा गया था, उस समय डीलरों के उत्साह को बढ़ाने के लिए कंपनी ने एक विशेष स्कीम लांच की थी। इस टारगेट बेस्ड स्कीम के प्रति डीलरों ने जो दिलचस्पी दिखायी, वह काबिले तारीफ है। डीलरों ने कंपनी की अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन कर न केवल कामधेनु पेंट को बाजार में खासी लोकप्रियता दिलायी बल्कि अपनी मेहनत

कामधेनु पेंट के प्रति डीलरों के इस बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा "हमें अपने डीलरों की क्षमता पर पूरा भरोसा है, और हमारे डीलरों ने अपने प्रदर्शन से इस भरोसे को और मजबूत किया है। श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक –वर्क्स ने कामधेनु पेंट के डीलरों के लिए एक और विशेष स्कीम की घोषणा की जिसके अन्तर्गत बेहतरीन प्रदर्शन करनेवाले डीलरों को बैंकाक और गोवा की सैर का मौका मिलेगा।

सर्वाधिक बिक्री का पुरस्कार मेसर्स जिंदल इन्टरप्राइजेज को, दिल्ली क्षेत्र के लिए मेसर्स गोयल निर्माण स्टोर को, गाजियाबाद क्षेत्र के लिए मेसर्स मुनीमजी पेंट्स को, पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए मेसर्स आर.एल. नंदवानी, गोरखपुर को, हरियाणा के लिए मेसर्स आर. के. इन्टरप्राइजेज, यमुनानगर को, पश्चिम बंगाल के लिए मेसर्स गौरी इन्टरप्राइजेज को, उत्तराखंड के लिए मेसर्स चंद्रा हार्डवेयर को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी के साथ कैमकोर वॉल स्मूथनर की एक बार में 1000 बैग की सर्वाधिक बिक्री के




विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए श्री सुब्रोतो उपाध्याय, डीजीएम–पेंट्स, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक –वर्क्स एवं अन्य सदस्यगण

और लगन के दम पर इन्होंने कामयाबी का माइलस्टोन खड़ा कर दिया है।

अपने डीलरों के इस उत्साहजनक प्रदर्शन को देखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 18 जनवरी को नैनीताल के होटल "मनु महारानी" में एक डीलरों के एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन विशेषकर कामधेनु पेंट की स्कीम के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करने के मकसद से आयोजित किया गया था। इसके साथ ही "कुमाऊँ क्षेत्र" के डीलरों की विशेष मीटिंग भी बुलाई गयी थी, जिसमें इस क्षेत्र के लगभग 40 डीलरों ने हिस्सा लिया।

इस संबंध में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "कामधेनु पेंट की स्कीम के प्रति डीलरों की दिलचस्पी और उनका प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है। इसकी शानदार कामयाबी ने हमारे आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया है। वास्तव में यह "कलर ड्रीम्ज़" के उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।"

स्कीम के विजेताओं में पंजाब के मेसर्स जिंदल इन्टरप्राइजेज ने फेस्टीवल बोनान्जा स्कीम के तहत राष्ट्रीय स्तर का विजेता बनकर मारुति ऑल्टो कार जीता। राजस्थान के मेसर्स फाइन कलर प्वाइंट को जुलाई से दिसंबर 2008 की छमाही में कामधेनु पेंट के लिए देशभर में सर्वाधिक मूल्य की ब्रिक्री का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रीमियम इमल्शन की सर्वाधिक बिक्री के लिए पंजाब के मेसर्स जिंदल इन्टरप्राइजेज को, सीमेंट पेंट के लिए पश्चिम बंगाल के मेसर्स समाधान इंटरप्राइजेज को, कैमोकेयर वॉल स्मूथनर के लिए लखनऊ के मेसर्स यूनीक इंटरप्राइजेज को, पंजाब क्षेत्र में

लिए मेसर्स वी. के. भटिया एंड सन्स को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जबकि पंजाब के सीएण्डएफ श्री भजनलाल ने बेस्ट परफार्मिंग सीएफए होने का गौरव पाया। बेस्ट सेल्स पर्सन का पुरस्कार पंजाब के श्री अरविंद गुंबर को तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के श्री परमात्मा सरण एवं श्री संजय सिंह ने जीता। पुरस्कारों से सम्मानित सभी डीलरों ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ–साथ कामधेनु पेंट "कलर ड्रीम्ज़" की जमकर सराहना की और कहा कि जल्द ही कामधेनु पेंट का नाम उपभोक्ताओं की पहली पसंद में शुमार हो जाएगा।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ**

मेसर्स श्री जय माँ शारदा आयरन स्टोर
पी.पी. रोड, बिहार
मो.:– 09431027149

श्री हरवंश लाल
मेसर्स बालाजी स्टील एंड रोलिंग शटर
घरोली, दिल्ली
मो.:– 09431027149

मेसर्स श्री गणेश स्टील्स
गारग्रेट रोड, मुबारिकपुर
जिला– ऊना (हिमाचल प्रदेश)
फोनः–01976–264203, 264103
मो.:– 09418338727, 09278531103

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com